नया इंडिया
राजस्थान
भीलवाड़ा

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी आज आयेगी भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** प्रदेश की उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी बुधवार, 6 मई को भीलवाड़ा जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, उप मुख्यमंत्री राजसमंद से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे भीलवाड़ा के रायपुर पहुंचेंगी। यहाँ वे खेल मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में शिरकत करेंगी, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया जाएगा। इस दौरान वे जनसभा को भी संबोधित कर सकती हैं। कार्यक्रम के पश्चात, दोपहर 1:30 बजे वे रायपुर से मसूदा (ब्यावर) के लिए प्रस्थान कर जाएंगी। उनके आगमन को लेकर स्थानीय प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## सेवा कार्यों के साथ मनाया कांग्रेस जिलाध्यक्ष खटीक का जन्मदिन

**भीलवाड़ा।** जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के अध्यक्ष शिवराम खटीक का 57वां जन्मदिन आज शहर में सेवा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने शक्ति प्रदर्शन के बजाय जीव दया और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी, जिसकी शहर भर में चर्चा रही। जन्मदिन कार्यक्रमों की शुरुआत शहर कांग्रेस कार्यालय से हुई, जहाँ भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए जल पात्र (परिंडे) बांधे गए। इस दौरान शिवराम खटीक ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसके पश्चात खटीक रामधाम रोड स्थित गौशाला पहुँचे, जहाँ उन्होंने गौमाता की पूजा-अर्चना की और अपने हाथों से हरा चारा खिलाकर गौसेवा की। कांग्रेस कार्यालय में सुबह से ही जश्न का माहौल रहा और जिलाध्यक्ष को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान एडवोकेट कुणाल ओझा, अनिल राठी, मनोज पालीवाल, राजकुमार माली, कमल प्रजापत, कश्मीर मोहम्मद, समीम बानो सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। खटीक ने सभी का आभार जताते हुए पार्टी की मजबूती और जनसेवा के लिए निरंतर कार्य करने की बात कही।

# आंधी और बारिश ने उजागर किया बिजली सिस्टम का 'ब्लैकआउट'

### प्री-मानसून मेंटेनेंस के नाम पर किए गए दावे साबित हुए कागजी खानापूर्ति।






**भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र**
राजस्थान के मैनचेस्टर कहे जाने वाले भीलवाड़ा शहर में सोमवार की रात न केवल मौसम बदला, बल्कि अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (AVVNL) और निजी कंपनी 'सिक्योर' की कार्यप्रणाली पर भी काले बादल मंडराते नजर आए। मामूली आंधी और हल्की बारिश ने शहर के बिजली तंत्र को ताश के पत्तों की तरह बिखेर दिया। रात 10 बजे से लेकर देर रात 1 बजे तक शहर का एक बड़ा हिस्सा घुप अंधेरे में डूबा रहा, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि मानसून पूर्व के रखरखाव (प्री-मानसून मेंटेनेंस) के नाम पर किए गए दावे महज कागजी खानापूर्ति थे। भीषण गर्मी और उमस के बीच 3 घंटे का यह 'ब्लैकआउट' जनता के लिए किसी सजा से कम नहीं था। अंधेरे का सबसे ज्यादा असर संजय कॉलोनी, विजय सिंह पथिक नगर, बाबा धाम और सुभाष नगर जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में देखने को मिला। जैसे ही धूल भरी आंधी चली और हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई, वैसे ही ट्रांसफार्मरों ने दम तोड़ दिया और फीडर ट्रिप हो गए। घरों के भीतर उमस ने लोगों का दम घोंटना शुरू किया, तो बाहर आंधी और अंधेरे ने सुरक्षा को लेकर खौफ पैदा कर दिया। सबसे ज्यादा मुश्किल उन घरों में हुई जहाँ छोटे बच्चे और बुजुर्ग थे। इस पूरे घटनाक्रम में तकनीकी खामी से कहीं ज्यादा बड़ी लापरवाही अधिकारियों के गैर-जिम्मेदाराना रवैये में देखी गई। जब उपभोक्ता अपनी शिकायतों को लेकर कॉल सेंटर्स और अधिकारियों के नंबरों पर फोन करते रहे, तो उन्हें या तो 'एंगेज' टोन सुनाई दी या फिर जवाब मिला कि 'टीम फील्ड पर है'। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि AVVNL और सिक्योर कंपनी के बीच आपसी तालमेल की भारी कमी है। अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपना पल्ला झाड़ते रहे, जबकि जनता गर्मी और अंधेरे से जूझती रही। विभाग के दावे कि शहर को 24 घंटे निर्बाध बिजली दी जा रही है, इस 3 घंटे के अंधकार ने उनकी पोल खोलकर रख दी है। सड़कें और गलियां अंधेरे में डूबी होने के कारण सुरक्षा का संकट भी गहरा गया है। स्ट्रीट लाइट्स के बंद होने से कॉलोनियों में चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं का डर बना रहा। शहरवासियों का कहना है कि अगर मामूली आंधी-बारिश में बिजली तंत्र का यह हाल है, तो मानसून की भारी बारिश में क्या स्थिति होगी, इसका अंदाजा लगाना भी डरावना है। बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर की जर्जर स्थिति और अधिकारियों की 'कुंभकर्णी नींद' ने यह सिद्ध कर दिया है कि जनता का टैक्स केवल दावों पर खर्च हो रहा है, सुविधाओं पर नहीं। भीलवाड़ा की जनता अब इस अव्यवस्था के लिए सीधी जवाबदेही और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रही है। बिजली विभाग के '24 घंटे निर्बाध आपूर्ति' के वादे जमीनी हकीकत पर पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। मामूली आंधी में बिजली तंत्र का इस तरह धराशायी होना विभाग के मानसून पूर्व रख-रखाव की पोल खोलता है।

### पहली बारिश में ड्रेनेज सिस्टम की 'इंजीनियरिंग' भी हुई फेल

सोमवार रात हुई 32 एमएम की बारिश ने नगर निगम और जिला प्रशासन के विकास के दावों की कलई खोल दी है। पारा गिरकर 34.5 डिग्री सेल्सियस तक तो आया, लेकिन राहत के साथ प्रशासन की संवेदनहीनता भी तैरकर सड़कों पर आ गई। शहर की सब्जी मंडी में व्यापार अब 'कीचड़-सर्कस' में तब्दील हो चुका है, जहां किसान और व्यापारी गंदगी के बीच बैठने को मजबूर हैं। वहीं, कृषि उपज मंडी में खुले में पड़ा अनाज भीगने से भारी नुकसान हुआ है। सबसे बदतर हालात चंद्रशेखर आजाद नगर रेलवे अंडरब्रिज के हैं, जो करोड़ों के ड्रेनेज फेल होने के कारण तालाब बन गया है। जलभराव के कारण लोग जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक की दीवारों पर चलने को मजबूर होना पड़ा। प्रशासन ने समाधान करने के बजाय चेतावनी बोर्ड लगाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया।

## फटाफट

### बिना नंबर की काली थार में आए बदमाश, टंकी फुल करवाकर बैरियर तोड़ हुए फरार



**बिजोलिया।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के बिजोलिया उपखंड क्षेत्र में रविवार देर रात बदमाशों के हौसले बुलंद नजर आए। बिजोलिया कस्बे के बाईपास स्थित 'मां चामुंडा फिलिंग स्टेशन' (नायरा पेट्रोल पंप) पर फिल्मी अंदाज में ठगी की एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया। बिना नंबर की एक नई काली थार में सवार होकर आए बदमाश पंप कर्मियों को चकमा देकर हजारों रुपये का पेट्रोल भरवाने के बाद बिना भुगतान किए फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात एक चमचमाती हुई बिना नंबर प्लेट की काली थार पेट्रोल पंप पर आकर रुकी। गाड़ी में सवार युवकों ने बेहद सामान्य तरीके से पंप कर्मचारी को गाड़ी की टंकी फुल करने का निर्देश दिया। कर्मचारी ने बिना किसी शक के टंकी फुल कर दी। जैसे ही भुगतान का समय आया, चालक ने चालाकी दिखाते हुए पंप कर्मियों को बातों में उलझा लिया। इससे पहले कि कर्मचारी कुछ समझ पाते, चालक ने अचानक एक्सीलेटर दबाया और गाड़ी को तेज रफ्तार में दौड़ा दिया। अचानक हुई इस घटना से पंप पर हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने शोर मचाते हुए वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन थार की रफ्तार इतनी तेज थी कि कोई उसे पकड़ नहीं पाया। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने भागने के दौरान आगे स्थित आरोली टोल नाके पर भी रुकने की जहमत नहीं उठाई और वहां लगे सुरक्षा बैरियर को तोड़ते हुए चित्तौड़गढ़ मार्ग की तरफ रफूचक्कर हो गए। पेट्रोल पंप संचालक की सूचना पर स्थानीय पुलिस सतर्क हुई है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि बिना नंबर की इस गाड़ी और उसमें सवार बदमाशों की पहचान की जा सके। बिजोलिया बाईपास पर हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरेआम हुई इस लूट जैसी ठगी से क्षेत्र के व्यापारियों और पेट्रोल पंप संचालकों में डर का माहौल है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और नाकेबंदी कर बदमाशों की तलाश जारी है।

# रीको द्वारा 341 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू

### 'फ्लेक्सिबल लीज' का मिलेगा लाभ।

**भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र**
जिले में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से रीको (RIICO) ने प्रत्यक्ष आवंटन योजना के दसवें चरण का आगाज़ कर दिया है। इसके तहत जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में कुल 341 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस योजना के माध्यम से उद्यमियों को नए निवेश और उद्योग स्थापित करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। योजना के अंतर्गत फतेहपुरा-समेलिया (शाहपुरा) में सर्वाधिक 231 भूखंड और 2 वेयरहाउस उपलब्ध हैं। इसके अलावा करणपुरा (माण्डलगढ़) में 43, पंडेर (जहाजपुर) में 17, धुवालां (माण्डल) में 10, किडीमाल (करेड़ा) में 7, पीपलून्द (जहाजपुर) में 6, कान्याखेडी (हमीरगढ़) में 4 और उखलिया (अंटाली) में 3 भूखंडों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। साथ ही, टेक्सटाइल पार्क रूपाहेली (हुरडा) में 18 भूखंड विशेष रूप से टेक्सटाइल इकाइयों और 'राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी 2025' के तहत आने वाले उद्योगों के लिए आरक्षित किए गए हैं। रीको के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एस.के. नेनावटी ने बताया कि फतेहपुरा-समेलिया, पंडेर, पीपलून्द, धुवाला एवं किडीमाल क्षेत्रों को 'फ्लेक्सिबल लीज पॉलिसी' में शामिल किया गया है। यहाँ उद्यमियों को आरक्षित दर की मात्र 60 प्रतिशत दर पर 33 वर्ष की लीज अवधि के लिए भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इच्छुक निवेशकों को रीको के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 14 मई 2026 की शाम 6:00 बजे तक 5 प्रतिशत अमानत राशि (EMD) जमा करानी होगी। यदि एक भूखंड के लिए एक ही आवेदन प्राप्त होता है, तो सीधा आवंटन किया जाएगा, जबकि एक से अधिक आवेदन होने पर ई-लॉटरी का सहारा लिया जाएगा। 'राइजिंग राजस्थान' के तहत सरकार के साथ एमओयू (MoU) करने वाले उद्यमी भी इस योजना के पात्र होंगे। उद्यमियों की सुविधा के लिए भुगतान के लचीले विकल्प दिए गए हैं। आवंटन के बाद 25 प्रतिशत राशि जमा होते ही भूखंड का कब्जा दे दिया जाएगा। शेष 75 प्रतिशत राशि को निवेशक 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित या 8.50 प्रतिशत ब्याज के साथ 19 त्रैमासिक किस्तों में चुका सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए निवेशक रीको कार्यालय भीलवाड़ा से संपर्क कर सकते हैं या पोर्टल पर विवरण देख सकते हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने की जमकर आतिशबाजी, बांटी मिठाई



**आसींद ■ संवाद सूत्र**
पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद, विशेषकर पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी के शानदार प्रदर्शन से उत्साहित आसींद कस्बे के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने कस्बे में एकत्रित होकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए वक्ताओं ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता लंबे समय से सुशासन की तलाश में थी, जो उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिखाई दी। कार्यकर्ताओं का मानना है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा के आगमन से विकास के नए आयाम स्थापित होंगे और सरकार पूरी तरह से सुशासन के प्रति समर्पित रहेगी।

वहीं, असम में हेमंत बिस्वा सरमा की मेहनत और कुशल रणनीति की भी सराहना की गई। इस विजय उत्सव के दौरान भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, अनिल सिंह तंवर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष,फौजमल गुर्जर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष,गोपाल सिंह चुंडावत पूर्व जिला मंत्री,उमेद सिंह चुंडावत नगर उपाध्यक्ष, सरवन लाल साहू नगर महामंत्री, सुरेश पहाड़िया, जगदीश गर्ग, संदीप सोनवा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुर्खियां

### चैक अनादरण में अभियुक्त दोषमुक्त, अधिवक्ता मित्तल ने की पैरवी

**भीलवाड़ा।** विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट, एन.आई.एक्ट. प्रकरण न्यायालय संख्या 03, की विद्वान न्यायाधीश अंकिता बेनीवाल द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करके चैक अनादरण के प्रकरण में अभियुक्त किशोर कुमार जीनगर का विधिक दायित्व प्रमाणित नहीं होने से दोषमुक्त घोषित किया गया। अभियुक्त के अधिवक्ता दीपक मित्तल ने बताया कि परिवादी राजकुमार खटीक द्वारा हस्तगत प्रकरण 06 लाख रूपये के लेन देन के संबंध में अभियुक्त किशोर कुमार जीनगर के विरूद्ध प्रस्तुत किया गया था। परन्तु न्यायालय द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्य व साक्षीगण द्वारा किए गये कथनो को विरोधाभासी मानते हुए प्रश्नगत संव्यवहार को संदिग्ध माना साथ ही उच्चतम न्यायालय द्वारा विभिन्न न्यायिक दृष्टांको के तहत पारित सिद्धान्तो के अनुसार परिवादी की आर्थिक क्षमता भी संदेहास्पद मानी गई। न्यायालय ने परिवादी द्वारा 6,00,000/- रूपये की राशि बिना किसी लिखित दस्तावेज एवं बिना प्रयोजन की स्पष्ट जानकारी रखते हुए देना मानवीय आचरण के विपरीत प्रतीत होना जाहिर किया।

इस प्रकार विवादित चैक के दुरूपयोग की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। अधिवक्ता अभियुक्त दीपक मित्तल ने न्यायालय द्वारा पारित निर्णय को न्यायसंगत व तर्कसंगत बताते हुए यह कहा कि इस प्रकार के न्यायिक निर्णयों से चैको के दुरूपयोग पर लगाम लगेगी एवं वास्तविक लेन देन से संबंधित मामले ही न्यायालय में प्रस्तुत हो सकेंगे, क्योंकि सामान्य अनुक्रम में यह देखा जाता है कि पक्षकारों के मध्य हुए लेन देन के समय खाली चैक हस्ताक्षरशुदा प्राप्त किए जाते है और बाद में दबाव बनाने की नियत से मनमकसूद राशि भरकर प्रस्तुत किए जाते है। जिससे न्यायिक प्रक्रिया का दूरूपयोग कर चैक जारीकर्ता से मूल राशि से कई अत्यधिक राशि वसूली जाती है।

**टाइटन बायोटेक लिमिटेड**
**CIN:** L74999RJ1992PLC013387
**पंजीकृत कार्यालय और कार्य: यूनिट I:** A-902A, RIICO औद्योगिक क्षेत्र, चरण III, भिवाड़ी-301019, राजस्थान **यूनिट II:** E-540, औद्योगिक क्षेत्र, चोपनकी, भिवाड़ी-301019, राजस्थान **ई-मेल:** hrd@titanbiotechltd.com, **वेबसाइट:** www.titanbiotechltd.com

**टाइटन बायोटेक लिमिटेड की भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण एवं डीमैटरीकरण हेतु विशेष विंडो**

सेबी परिपत्र संख्या **SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 02 जुलाई, 2025** के क्रम में यह सूचित किया जाता है कि निवेशकों के लिए निवेश को सुगम बनाने तथा उनके द्वारा खरीदी गई प्रतिभूतियों में उनके अधिकारों की सुरक्षा हेतु, सेबी ने अपने परिपत्र संख्या **HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026** के माध्यम से, **केवल 01 अप्रैल, 2019** से पूर्व बेची/खरीदी गई **भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण एवं डीमैटरीकरण ("डीमैट")** के लिए **एक और विशेष विंडो** खोली है।

उक्त विशेष विंडो **05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027** तक, **कुल एक वर्ष** की अवधि के लिए खुली रहेगी। यह विशेष विंडो उन हस्तांतरण अनुरोधों के लिए भी उपलब्ध रहेगी, जिन्हें पूर्व में प्रस्तुत किया गया था तथा जो दस्तावेज़ों, प्रक्रिया या अन्य किसी कमी के कारण अस्वीकृत/वापस किए गए/लंबित रह गए थे।

**जो निवेशक पूर्व की अंतिम तिथि 06 जनवरी, 2026 तक** प्रक्रिया पूर्ण नहीं कर सके थे, वे अब इस अवसर का लाभ कंपनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट के पास आवश्यक दस्तावेज़ प्रस्तुत कर उठा सकते हैं: **बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,** बीटल हाउस, तीसरी मंज़िल, 99 मदनगीर, एल.एस.सी. के पीछे, नई दिल्ली – 110062 दूरभाष : 011-42959000, 011-29961281-283 ई-मेल : beetalrta@gmail.com

कृते **टाइटन बायोटेक लिमिटेड**
हस्ता./-
**चरनजीत सिंह**
(कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी)
स्थान : दिल्ली
दिनांक : 05/05/2026

## प्रौढ़ ने जहरीला पदार्थ खाया

**भीलवाड़ा।** शहर के गाडरीखेड़ा क्षेत्र में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहाँ 50 वर्षीय एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाए जाने के बाद उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, देवनारायण मंदिर के पास गाडरीखेड़ा निवासी धन्नालाल पुत्र सवाईराम गाडरी ने रविवार को अपने निवास पर अज्ञात कारणों के चलते किसी जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। जहरीला पदार्थ शरीर में फैलते ही उनकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। धन्नालाल की हालत देख आसपास के पड़ोसियों ने तत्काल उनके पुत्र हिम्मत गाडरी को मामले की सूचना दी। पुत्र और अन्य परिजन आनन-फानन में उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन देर रात उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

## आनंदधाम में 17 से पुरुषोत्तम मास का उत्सव

**भीलवाड़ा।** पुष्टिमार्गीय परंपरा के प्रमुख केंद्र, श्री आनंदधाम हवेली मंदिर में इस वर्ष पुरुषोत्तम मास (अधिकमास) के पावन अवसर पर प्रभु भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आगामी 17 मई से प्रभु श्रीनाथजी, श्री द्वारकाधीश और लालन जी के विविध मनोरथों का भव्य सिलसिला शुरू होने जा रहा है, जो 15 जून 2026 तक निरंतर जारी रहेगा। कांकरोली नरेश तृतीय गृहाधिपति पूज्य पाद गोस्वामी 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज के दिव्य आशीर्वाद और आज्ञा से आयोजित होने वाले इस एक माह के धार्मिक अनुष्ठान को लेकर वैष्णव समाज में भारी उत्साह है। मंदिर ट्रस्टी सुमन राजेंद्र बाहेती ने बताया कि इस उत्सव के दौरान प्रतिदिन प्रभु के अलग-अलग स्वरूपों और लीलाओं के दर्शन होंगे। उत्सव के प्रथम दिन राजभोग में 'फूलन की मंडली' सजाई जाएगी, वहीं 18 मई को भव्य 'रथयात्रा' का मनोरथ आयोजित होगा। इस विशेष माह में ठाकुर जी का विवाह मनोरथ और महाप्रभु जी की 84 बैठकों का मनोरथ भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। उत्सव के दौरान किसी विशेष तिथि पर कांकरोली नरेश डॉ. वागीश कुमार जी महाराज का भी आगमन होगा, जिसकी रूपरेखा जल्द ही साझा की जाएगी। जेठ की तपती दोपहरी को देखते हुए प्रभु को शीतलता प्रदान करने के लिए विशेष आयोजन किए गए हैं। इसमें विभिन्न प्रकार के पुष्पों से निर्मित 'फूल बंगला' और आकर्षक 'कांच का बंगला' सजाया जाएगा।

## 72 घंटे से लापता बुजुर्ग महिला का कुएं में मिला शव

**भीलवाड़ा।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के कारोई थाना क्षेत्र स्थित बाघपुरा गांव में उस समय मातम पसर गया, जब तीन दिनों से लापता एक बुजुर्ग महिला का शव गांव के ही एक कुएं में तैरता हुआ मिला। मृतका की पहचान 65 वर्षीय मांगी देवी पत्नी रामलाल ओड के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक के साथ-साथ दहशत का माहौल है।

**सूचनार्थ**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान (SEIAA) EC IDENTIFICATION NO. EC25C0108RJ5691363N राज्य स्तरीय पर्यावरण के फाईल नम्बर RJ/25/SEAC-4(06)/MIN/EC/0241 प्रोजेक्ट सेड्यूल नम्बर 1(a) माईनिंग मिनरल्स जयपुर दिनांक 05/05/2026 के द्वारा श्री जगदीश चन्द्र शर्मा, न्यू श्री बालाजी मिनरल्स, वार्ड नं. 4, गांव-होडा, तहसील-माण्डलगढ़, जिला-भीलवाड़ा (राज.) को निकट ग्राम-कांटी, तहसील- कोटड़ी, जिला-भीलवाड़ा (राज.) में स्थित M.L.No.- 58/2022 क्षेत्र 2.0673 हेक्टेयर वास्ते खनिज मार्बल के लिए जिला स्तरीय कमेटी के द्वारा जारी पर्यावरण स्वीकृति का पुनः मुल्यांकन राज्य स्तरीय पर्यावरण कमेटी (SEIAA) के द्वारा करवा लिया है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राज. राज्य प्रदुषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय व मण्डल की वेबसाइड http://www.environment.gov.in एवं moef की वेबसाईड parivesh.nic.in पर उपलब्ध है।

**जगदीश चन्द्र शर्मा**

**सूचनार्थ**

सर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान (SEIAA) EC IDENTIFICATION NO. EC25C0108RJ5944861N राज्य स्तरीय पर्यावरण के फाईल नम्बर RJ/25/SEAC-4(06)/MIN/EC/0242 प्रोजेक्ट सेड्यूल नम्बर 1(a) माईनिंग मिनरल्स जयपुर दिनांक 05/05/2026 के द्वारा श्री जगदीश चन्द्र शर्मा, न्यू श्री बालाजी मिनरल्स, वार्ड नं. 4, गांव-होडा, तहसील-माण्डलगढ़, जिला-भीलवाड़ा (राज.) को निकट ग्राम-कांटी, तहसील- कोटड़ी, जिला-भीलवाड़ा (राज.) में स्थित M.L.No.- 62/2024 क्षेत्र 2.3541 हेक्टेयर वास्ते खनिज मार्बल के लिए जिला स्तरीय कमेटी के द्वारा जारी पर्यावरण स्वीकृति का पुनः मुल्यांकन राज्य स्तरीय पर्यावरण कमेटी (SEIAA) के द्वारा करवा लिया है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति राज. राज्य प्रदुषण नियंत्रण मण्डल के कार्यालय व मण्डल की वेबसाइड http://www.environment.gov.in एवं moef की वेबसाईड parivesh.nic.in पर उपलब्ध है।

**जगदीश चन्द्र शर्मा**